# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001

E-mail :- ce_kk_upjn.ral@yahoo.com


पत्रांक : 2002 / M-20 / 1221 दिनांक 27/8/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :- ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 25.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "बारिश से फिर उभरे गड्ढे, राहगीरों के लिए खतरा" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 25.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "बारिश से फिर उभरे गड्ढे, राहगीरों के लिए खतरा" शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है :–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली के नगर पंचायत परशदेपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें बारिश के कारण दोबारा धंस गई हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।<br>पहले भरे गए गड्ढे अब सड़क किनारे कई स्थानों पर फिर से उभर आए हैं। इन धंसी हुई सड़कों और गड्ढों के कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।<br>नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है। कौशल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन गड्ढों की मरम्मत कराकर सड़कों को सुरक्षित बनाया जाएगा, ताकि आम जनता को असुविधा न हो।<br>स्थानीय ग्रामीणों ने भी अपनी चिंता व्यक्त की है। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित यह समाचार कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है, तथ्यात्मक रूप से गलत एवं भ्रामक है। स्पष्ट किया जाता है कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन द्वारा कोई कार्य नही कराया जा रहा है एवं उक्त नगर पंचायत में कार्य सम्बन्धित उ०प्र० जल निगम (नगरीय), रायबरेली द्वारा कराये जा रहे है।<br>अतः प्रकाशित समाचार का खंडन किया जाता है। |

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(रणविजय सिंह)
o/c अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ल०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, (ल०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

o/c अधिशासी अभियन्ता

# रायबरेली के परशदेपुर में जल जीवन मिशन की सड़कें धंसी:बारिश से फिर उभरे गड्ढे, राहगीरों के लिए खतरा

रिंकू मिश्रा| परसदेपुर (सलोन), रायबरेली2 दिन पहले



जल जीवन मिशन की सड़कें धसी।

रायबरेली के नगर पंचायत परशदेपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें बारिश के कारण दोबारा धंस गई हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

पहले भरे गए गड्ढे अब सड़क किनारे कई स्थानों पर फिर से उभर आए हैं। इन धंसी हुई सड़कों और गड्ढों के कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है। कौशल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन गड्ढों की मरम्मत कराकर सड़कों को सुरक्षित बनाया जाएगा, ताकि आम जनता को असुविधा न हो।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी अपनी चिंता व्यक्त की है। विंदेश्वरी, मुरली, विजय, मनोहर और जोशी जैसे ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण सड़क किनारे बने गड्ढे लगातार बड़े होते जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इनकी मरम्मत नहीं कराई गई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर गड्ढों को भरवाने और सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है।